0646CH09

नवाँ पाठ

कक्षा

शिक्षण बिंदु

क्ष त्र ज्ञ श्र

कक्षा

क क्ष ा

छात्र

छ ा त्र

विज्ञान

वि ज्ञ ा न

श्रमिक

श्र ि म क

शिक्षण संकेत

- श्यामपट पर **कक्षा** लिखें और उसका चित्र दिखाते हुए विद्यार्थियों से बार-बार बुलवाएँ।
- इसी तरह **छात्र, विज्ञान** **और** **श्रमिक** के चित्र दिखाएँ। वर्णों की अलग-अलग पहचान करवाते हुए बार-बार बुलवाएँ।

© NCERT not to be republished

2. पहचानो और बोलो

श्र	क्ष	ज्ञ	त्र	स	छ
छात्र	आश्रम	यज्ञ	कक्षा		

3. सुनो और बोलो

कक्षा	पत्र	क्षत्रिय	श्रीमती	चित्र
शिक्षा	मित्र	श्रमिक	श्रीमान	श्रावण
आज्ञा	छात्र	नक्षत्र	विश्राम	क्षण / क्षमा
ज्ञान	पात्र	त्रिकोण	विज्ञान	विज्ञापन

4. नीचे दिए गए वर्णों को लिखने का अभ्यास करो

क्ष क्ष

त्र त्र

ज्ञ ज्ञ

श्र श्र

योग्यता विस्तार

- शिक्षण बिंदु में दिए सभी वर्णों को श्यामपट पर लिखें और विद्यार्थियों से बारी-बारी उनकी पहचान करवाएँ।
- ऐसा फ्लैश कार्ड बनाएँ जिस पर शब्द के शुरू, मध्य और अंत के वर्ण लिखे हों अथवा बोर्ड पर इस प्रकार लिखें–

  ज्ञा....., ...क्ष....., ...त्र जैसे शब्द विद्यार्थियों से बनवाएँ, उनसे बुलवाएँ और लिखने के लिए कहें।

© NCERT not to be republished

मौखिक पाठ

शिक्षण बिंदु

सूरज पूरब में निकल रहा है। मैं पत्र लिख रहा हूँ।
तुम क्या कर रहे हो? पिता जी टहल रहे हैं

1. अध्यापक वाक्य बोलेंगे और विद्यार्थी सुनेंगे

सुबह के छह बजे हैं।

सूरज पूरब में निकल रहा है।

मेधा पुस्तक पढ़ रही है।

उसकी छोटी बहन सितार बजा रही है।

पिता जी बाग में टहल रहे हैं।

चाचा जी फूलों को पानी दे रहे हैं।

इस समय तुम क्या कर रहे हो?

मैं इस समय पत्र लिख रहा हूँ।

2. अध्यापक वाक्य बोलेंगे और विद्यार्थी दोहराएँगे

लड़के मैदान में कबड्डी खेल रहे हैं।

छोटी बच्ची सो रही है।

पिता जी नहा रहे हैं।

शैली, तुम क्या कर रही हो?

मैं कहानी पढ़ रही हूँ।

लड़के संगीत सीख रहे हैं।

अभिषेक ढोलक बजा रहा है।

माँ अखबार पढ़ रही हैं।

© NCERT not to be republished

3. अध्यापक पहला वाक्य बोलेंगे और विद्यार्थी दोहराएँगे। फिर अध्यापक केवल मोटे टाइप वाले शब्दों को बोलेंगे और विद्यार्थी उनकी मदद से वाक्य पूरा करेंगे।

नमूना:

ललित खेल **रहा है**। (लता)

लता खेल **रही है**।

1. सतीश किताब पढ़ रहा है।
2. .... (शीला)
3. .... (हम)
4. .... (लड़के)
5. .... (चाचा जी)
6. .... (तुम)

4. प्रश्नोत्तर अभ्यास

अध्यापक अलग-अलग विद्यार्थियों से प्रश्न पूछें और विद्यार्थी नमूने के अनुसार 'जी हाँ', 'जी नहीं' लगाकर प्रश्नों के उत्तर दें।

नमूना:

अध्यापक : क्या तुम खेल रहे हो?

विद्यार्थी : जी हाँ, मैं खेल रहा हूँ।

: जी नहीं, मैं नहीं खेल रहा हूँ।

1. क्या तुम पत्र लिख रहे हो? (जी हाँ, जी नहीं)
2. क्या पिता जी टहल रहे हैं? (जी हाँ, जी नहीं)
3. क्या रमेश फुटबाल खेल रहा है? (जी हाँ, जी नहीं)
4. क्या लड़कियाँ संगीत सीख रही हैं? (जी हाँ, जी नहीं)
5. क्या बच्चा रो रहा है? (जी हाँ, जी नहीं)

© NCERT not to be republished

5. नमूने के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दो

नमूनाः

तुम्हारा भाई इस समय **क्या कर रहा** है? (पढ़)

मेरा भाई इस समय **पढ़ रहा** है।

1. तुम क्या कर रहे हो? (चाय पी)
2. आप कहाँ जा रहे हैं? (बाजार)
3. छोटा लड़का क्या कर रहा है? (खेल)
4. तुम क्या पढ़ रही हो? (कहानी)
5. आप क्या लिख रहे हैं? (पत्र)
6. मीना क्या कर रही है? (टाइप)
7. लड़कियाँ क्या कर रही हैं? (गाना)

योग्यता विस्तार

- चाचा जी का फोन आया है। उन्हें बताना है कि घर में सब लोग क्या-क्या कर रहे हैं। अध्यापक इस स्थिति पर विद्यार्थियों से कुछ वाक्य बनवाएँ।

© NCERT not to be republished